राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
(वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)
निफ्ट भोपाल- राजभाषा अनुभाग
National Institute of Fashion Technology
(Ministry of Textiles, Govt. of India)
NIFT Bhopal- Official Language Section

13136/निफ़्ट भोपाल/प्रशा॰/हिन्दी समिति/2009/भाग-2 दिनांक: 13/06/2024

# हिन्दी कार्यशाला कार्यवृत

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) भोपाल के राजभाषा अनुभाग द्वारा संस्थान के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण के लिए दिनांक 12/06/2024, बुधवार को "राजभाषा में कार्यालयी कामकाज" विषय पर अप्रैल से जून 2024 तिमाही की हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के लिए अतिथि वक्ता श्रीमती शोभा लेखवानी- ग्रंथपाल, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (NITTTR) भोपाल [पूर्व सदस्य सचिव - नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) भोपाल] को आमंत्रित किया गया है।

कार्यशाला में अतिथि वक्ता ने राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय के वार्षिक कार्यक्रम से लेकर माननीय संसदीय राजभाषा समिति के दिशानिर्देशों पर बात की और साथ ही नराकास के अपने वर्षों के अनुभव से राजभाषा में कार्यालयी स्तर से लेकर नराकास स्तर के राजभाषा क्रियान्वयन जैसे निम्नलिखिन बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की :-


- राजभाषा नियम 1963 की धारा 3 (3) के अनुसार दस्तावेजों का द्विभाषीकरण
- राजभाषा नियम 1976 के नियम 5 के अंतर्गत हिन्दी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिन्दी में देना, साथ ही अँग्रेजी में प्राप्त पत्रों का भी हिन्दी/द्विभाषी में उत्तर देना सुनिश्चित करना
- हिन्दी में हस्ताक्षर करना
- भेजे जाने वाले पत्रों के साथ हिन्दी में तैयार किए गए प्रावरण पत्र (Cover letter) भेजना
- राजभाषा प्रोत्साहन प्राप्त/हिन्दी पखवाड़ा पुरस्कार प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी में काम करने के लिए आदेशित करना
- भाषा प्रशिक्षण, नियमित कार्यालयी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन , कार्यशालाओं का आयोजन
- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की छः माही बैठकों में निरंतर कार्यालयाध्यक्ष की उपस्थिति सुनिश्चित करना।


कार्यशाला के विषय अनुसार संस्थान में कार्यरत संकाय सदस्यों/अधिकारियों/कर्मचारियों के राजभाषा प्रोत्साहन योजना वित्तीय वर्ष 2023-2024 के विजेता प्रतिभागियों को निदेशक महोदय व अतिथि वक्ता द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हे प्रोत्साहित किया गया।

यह कार्यशाला ले. कर्नल आशीष अग्रवाल, निदेशक निफ्ट भोपाल और अन्य अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति में आयोजित की गई व कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, निफ्ट भोपाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।


(समता)
कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी


**कार्यशाला की तस्वीरें व मीडिया कवरेज** :-







राजभाषा प्रोत्साहन योजना वित्तीय वर्ष 2023-2024 के उपस्थित विजेता प्रतिभागियों (संकाय सदस्य, अधिकारी व कर्मचारी) को निदेशक महोदय व अतिथि वक्ता प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए :









मीडिया कवरेज:-



पीपुल्स समाचार

BHOPAL

वेब सीरीज 'मिर्जापुर-3' का टीजर रिलीज

# भोपाल रियासत के प्रतीक चिह्न 'माही मर्तिब' व नवाब काल की सीलें प्रदर्शित

राज्य संग्रहालय में मप्र की भूतपूर्व रियासतों पर आधारित 'इतिहास के पन्ने' प्रदर्शनी का आयोजन

इन रियासतों के अभिलेख भी किए गए हैं शामिल

अपने आसपास समाधान तलाशें

राजभाषा प्रोत्साहन योजना के विजेता हुए पुरस्कृत

पीपुल्स समाचार 13 जून 2024 संस्करण

स्वदेश
www.Swadesh.in



सार समाचार

## राजभाषा में कामकाज को लेकर कार्यशाला

भोपाल। राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) के राजभाषा अनुभाग द्वारा संस्थान के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण के लिए बुधवार को राजभाषा में कार्यालयी कामकाज विषय पर अप्रैल से जून 2024 तिमाही की हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अतिथि वक्ता ने राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय के वार्षिक कार्यक्रम से लेकर संसदीय राजभाषा समिति के दिशानिर्देशों पर बात की और साथ ही नराकास के अपने वर्षों के अनुभव से राजभाषा में कार्यालयी स्तर से लेकर नराकास स्तर के राजभाषा क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की। यह कार्यशाला ले. कर्नल आशीष अग्रवाल, निदेशक निफ्ट भोपाल और अन्य अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

सार समाचार 13 जून 2024 संस्करण

*******